हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 मई 2026, समय 13:05 (05 मिनट)

****

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गठित संयुक्त संसदीय समिति ने कहा है कि लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ कराने से करीब 7 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है। इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर में 1 दशमलव 6 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। समिति के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद पी.पी. चौधरी ने कल शाम गुजरात के गांधीनगर में पत्रकारों को यह जानाकरी दी।

हमें जो इनपुट मिला है उसमें हमने और कहा है इसको और इंप्रूव करो और एक रोल मॉडल के रूप में हम पूरे देश में सारे सरकार को हम भेजेंगे भई इस रूप में आप हमें अपनी रिपोर्ट प्रिपेयर करके दो जैसे इंडस्ट्रीज डिपार्टमेंट करें इंडस्ट्रीज में क्या लॉस होता है प्रोडक्शन का कितना लॉस होता है लेबर एक तरफ से दूसरी तरफ माइग्रेट करती है। मैंने सबको कहा अपनी रिपोर्ट प्रिपेयर करें और उनका संकलन करके आगे दे सकें।

****

हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा के तहत 30 मई को सुबह 6 से 8 बजे तक प्रदेश के छह प्रमुख स्थलों पर दूसरी हैरिटेज एंड सिटी वॉक आयोजित की जाएगी।
हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता के दौरान हैरिटेज एंड सिटी वॉक के लिए विशेष विवरणिका का

विमोचन किया। उन्होंने बताया कि 'आओ चलें अपनी विरासत के साथ' मुहिम के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य प्रदेशवासियों, विशेषकर युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं को हरियाणा की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जोड़ना है, ताकि नई पीढ़ी अपने इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों को समझ सके तथा उनसे प्रेरणा ले सके।

पहली बार 27 सितंबर 2024 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर हैरिटेज वॉक का आयोजन किया गया था। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के विरासत और पर्यटन स्थलों के विकास, संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जा रही है।

हैरिटेज एंड सिटी वॉक में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। इसकी पूरी जानकारी और पंजीकरण संबंधी विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा इच्छुक लोग मौके पर पहुंचकर भी अपना पंजीकरण करवा सकेंगे।

****

स्वास्थ्य विभाग ने जींद नागरिक अस्पताल में मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े वार्डों में पुरुषों की अनावश्यक आवाजाही पर सख्ती बरतने का फैसला किया है।_उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश पांचाल ने आज वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई पुरुष वार्ड के अंदर और बेड पर बैठे मिले, जिससे महिलाओं को असहजता का सामना करना पड़ रहा था।

मीडिया से बातचीत में डॉ. रमेश पांचाल ने बताया -

****

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक, डॉ. मनीष बंसल और मिशन चेतना फाउंडेशन प्रमुख सुश्री मनीषा चैधरी ने कल पंचकूल में स्वास्थ्य भवन परिसर

से बाल टीबी मरीजों के लिए विशेष फोर्टिफाइड पोषण आहार पैकेट ले जा रहे वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

पोषण वितरण का यह महत्वपूर्ण अभियान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत शुरू किया गया है। इस सामूहिक प्रयास में मिशन चेतना फाउंडेशन और राइज अगेंस्ट हंगर इंडिया ने निक्षय मित्र के रूप में आगे आते हुए हरियाणा राज्य के तीन जिलो में 0 से 18 वर्ष तक के 70 बाल टीबी मरीजों) को 6 महीने की अवधि के लिए गोद लिया है जिसमे पंचकुला के 20, अंबाला के 20 और यमुनानगर के 30 मरीज शामिल है।

****

हर साल 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 मनाया जाता है । इसके उपलक्ष्य में आज फरीदाबाद स्तिथ मांगर बानी, अरावली क्षेत्र में कल "नेचर वॉक" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड एवं राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का थीम "एक्टिंग लोकेली फ़ॉर ग्लोबल इम्पैक्ट " रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, जैव विविधता प्रबंधन समिति के सदस्यों, इको क्लब के विद्यार्थियों और प्रकृति प्रेमियों ने भाग लिया। उप वन संरक्षक श्री झलकार उईके ने कहा कि अरावली क्षेत्र की जैव विविधता का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्थानीय स्तर पर किए गए संरक्षण प्रयास वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

****